# NEWSLETTER

GOLD : 50880
SILVER : 60495
CRUDE OIL : 7545

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

05/11/2022


*अक्टूबर महीने से देश के लगभग सभी राज्यों में नए कपास की आवक शुरू हो जाती है और कपड़ा उद्योग तेजी से गति पकड़ने लगता है। साल 2022 में भी आवक का सिलसिला शुरू तो हुआ है लेकिन आवकी इतनी धीमी है कि व्यापार का सारा गणित ही बिगड़ गया है। नवंबर शुरू हो चुका है और व्यापारी अभी भी मंडी में कपास की अच्छी आवक के इंतजार में है। हालांकि आवक धीरे-धीरे बढ़ रही है। लेकिन यह गति इतनी धीमी है कि उद्योगपति अभी कुछ दिन और इंडस्ट्री बंद रखने में ही अपना फायदा समझ रहे है।*

# धीमी कपास आवक ने बिगाड़ा व्यापार का गणित

## असमंजस में है इंडस्ट्री

आंकड़ों पर नजर करें तो इस साल अक्टूबर महीने तक नए कपास की कुल आवक 12,70,900 गांठ है जो कि पिछले साल की तुलना में आधी से भी कम है। पिछले साल अक्टूबर माह के अंत तक कुल आवक 31,12 हजार गांठ थी। आवक में इतना बड़ा अंतर आ जाने से व्यापारी असमंजस की स्थिति में है। तेलंगाना के एक कपास जिनिंग व्यापारी ने बताया कि चूंकि मंडियों में कपास कम है और उसकी कीमत भी ज्यादा है। इस समय यदि कच्चा कपास खरीदकर काम शुरू करते है तो डिस्पेरिटी की वजह से हमें नुकसान बहुत हो रहा है। इसलिए ज्यादातर जिनर्स अपना दिवाली अवकाश बढ़ाकर फैक्ट्री बंद रखना ही ठीक समझ रहे हैं।

## पाकिस्तान की स्थिति भी गड़बड़

भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी कपास आवक की स्थिति ठीक नहीं है। वहीं के एक प्रमुख अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक बाढ़ की वजह से पाकिस्तान की कपास आवक में 41 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। पाकिस्तान में 1 नवंबर 2021 तक कुल कपास आवक 6.257 मिलियन गांठ थी जो इस साल समान अवधि तक महज 3.708 गांठ रह गई है। हालांकि विशेषज्ञों की माने तो दोनों ही देशों में आवक की स्थिति जल्द सुधरने की उम्मीद हे। भारत में इस बार पिछले साल से ज्यादा कपास आने की संभावना है इसलिए आवक की गति बढ़ना तो तय है। उम्मीद है नवंबर के मध्य से इसमें बढ़ोतरी हो। पाकिस्तान में भी आवक तो बढ़ेगी लेकिन पैदावार पिछले साल से कम रहने के आसार है।

**COTTON BALES ARRIVAL SEP. TO OCT. YEAR WISE**

| STATE | 2021 | 2022 | ONE YEAR CHANGE |
|---|---|---|---|
| Punjab | 128,000 | 28,100 | -99,900 |
| Haryana | 181,000 | 140,000 | -41,000 |
| Upper Rajasthan | 269,000 | 114,200 | -154,800 |
| Lower Rajasthan | 270,000 | 104,950 | -165,050 |
| **Total North Zone** | **848,000** | **387,250** | **-460,750** |
| Gujarat | 765,000 | 327,250 | -437,750 |
| Maharashtra | 406,000 | 99,000 | -307,000 |
| Madhya Pradesh | 268,000 | 94,300 | -173,700 |
| **Total Central Zone** | **1,439,000** | **520,550** | **-918,450** |
| Telangana | 275,000 | 40,500 | -234,500 |
| Andhra Pradesh | 190,000 | 126,900 | -63,100 |
| Karnataka | 275,000 | 124,900 | -150,100 |
| Tamil Nadu | 20,000 | 70,700 | 50,700 |
| **Total South Zone** | **760,000** | **363,000** | **-397,000** |
| Orissa | 30,000 | 100 | -29,900 |
| Others | 35,000 | - | -35,000 |
| **TOTAL ARRIVAL** | **3,112,000** | **1,270,900** | **-1,841,100** |

# नेशनल टेक्सटाइल मिशन के लिए केंद्र सरकार ने 20 नए प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

*केंद्रीय मंत्री पीयुष गोयल ने एक कार्यक्रम में वैज्ञानिकों और प्रोद्योगिकी विशेषज्ञों को संबोधित करते हुए कहा नेशनल टेक्सटाइल मिशन से संबंधित जरूरी जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस मिशन के तहतस्पेशलिटी फाइबर, एग्रो.टेक्सटाइल, स्मार्ट टेक्सटाइल, प्रोटेक्टिव गियर, स्पोर्ट्स टेक्सटाइल और जियो टेक्सटाइल सेगमेंट के क्षेत्रों में लगभग 74 करोड़ रुपये की 20 रणनीतिक अनुसंधान परियोजनाओं को मंजूरी दी है।*



Piyush Goyal
(केंद्रीय मंत्री)

## 100 लाख रुपये तक की आरएंडडी परियोजना

तकनीकी वस्त्रों में नवाचार और अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिएए राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन क्रमशः 50 लाख रुपये और 100 लाख रुपये तक की आरएंडडी परियोजनाओं के विचार और प्रोटोटाइप का समर्थन करेगा, जिनमें वाणिज्यिक उत्पादों और प्रौद्योगिकियों में अनुवाद करने की स्पष्ट क्षमता है।

## प्रौद्योगिकी का स्वदेशीकरण बड़ी चुनौती

1 नवंबर को कपड़ा, वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। मंत्री ने कहा कि भारत में विशेष फाइबर के प्रमुख उपयोग के बावजूद, प्रौद्योगिकी का स्वदेशीकरण अभी भी एक बड़ी चुनौती है, जिसके लिए उद्योग और अकादमिक दोनों से सहयोगात्मक हस्तक्षेप की आवश्यकता है। गोयल ने विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ तकनीकी वस्त्रों से संबंधित अपने इनपुट साझा किए।





## टेक्सटाइल निवेशकों के लिए बेहतर रिटर्न वाला रहा नवंबर का पहला हफ्ता

### 31 अक्टूबर से 05 नवंबर के मध्य प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की शेयर रिपोर्ट पर एक नजर

पिछले सप्ताह की तुलना में यह हफ्ता टेक्सटाइल निवेशकों के लिए राहतभरा रहा। लगभग सभी प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज के शेयर्स ने इस सप्ताह बीएससी के मंच पर बेहतरीन परफॉर्म किया। पिछले सप्ताह के मुकाबले इस सप्ताह सभी कंपनीज के शेयर्स प्राइज में इजाफा हुआ है। जहां तक मार्केट कैप की बात है तो वेल्सपन और नीतिन स्पिनर्स को छोड़ अन्य सभी का मार्केट कैप भी पॉजीटिव रहा। आइए देखते है बीएससी के मंच पर प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की इस सप्ताह की रिपोर्ट-

| कंपनी | करंट प्राइस | हाई प्राइस | लोएस्ट प्राइस | हलचल |
|---|---|---|---|---|
| वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड | 353.55 | 356.95 | 327.6 | 5.77% |
| अरविंद लिमिटेड | 95.8 | 96.85 | 91.05 | 1.81% |
| वेलसपन इंडिया | 78.55 | 80.85 | 77.45 | -0.82% |
| नितिन स्पिनर्स | 207.85 | 210 | 199 | -0.07% |
| रेमण्ड | 1295.8 | 1328.75 | 1154.45 | 11.58% |
| अक्षिता कॉटन | 37.75 | 38.9 | 33.85 | 8.17% |

## जानिए कॉटन के लिए कैसा रहा नवंबर माह का पहला सप्ताह

**SMART INFO SERVICES**
**CALL : 91119 77771 - 5**
**WEEKLY CHART 05.11.2022**

| ICE COTTON | | | |
|---|---|---|---|
| MONTH | 28.10.22 | 04.11.22 | WEEKLY CHANGE |
| DEC | 72.11 | 86.93 | 14.82 |
| MARCH | 72.07 | 85.67 | 13.6 |
| MAY | 72.30 | 84.63 | 12.33 |
| | | | |
| MCX (BALES) | | | |
| NOV | 28800 | 31990 | 3190 |
| DEC | 27630 | 30950 | 3320 |
| | | | |
| NCDEX (KAPAS) | | | |
| APRIL | 1551 | 1653 | 102 |
| | | | |
| NCDEX ( COCUD KHAL) | | | |
| DEC | 2482 | 2639 | 157 |
| JAN | 2467 | 2599 | 132 |
| | | | |
| CURRENCY ($) | | | |
| INDIAN (Rupee) | 82.47 | 82.44 | -0.03 |
| PAK (Pakistani Rupee) | 221.368 | 221.5 | 0.132 |
| CNY (Chinese yuan) | 7.25247 | 7.18518 | -0.06729 |
| BRAZIL (Real) | 5.29265 | 5.05603 | -0.23662 |
| AUSTRALIAN Dollar | 1.55919 | 1.54735 | -0.01184 |
| MALAYSIAN RINGGITS | 4.72099 | 4.74799 | 0.027 |
| | | | |
| COTLOOK "A" INDEX | 92.5 | 100.1 | 7.6 |
| BRAZIL COTTON INDEX | 92.04 | 99.91 | 7.87 |
| USDA SPOT RATE | 72.9 | 86.89 | 13.99 |
| MCX SPOT RATE | 31410 | 31360 | -50 |
| KCA SPOT RATE (PAKISTAN) | 16700 | 16500 | -200 |

अक्टूबर महीने में जहां कॉटन की कीमतें कम हुई थी वहीं नवंबर महीने की शुरूआत कॉटन के भाव बढ़ने से हुई है। इंटरनेशनल कॉटन एक्सचेंज मार्केट हो या मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज सभी प्लेटफॉर्म पर कॉटन दामों में इजाफा हुआ है।

आइस कॉटन पर दिसंबर, मार्च और मई तीनों ही महीनों के सौदा भाव में इस सप्ताह क्रमशः दिसंबर, मार्च और मई में 14.82,13.6 और 12.33 की बढ़ोतरी हुई है। वहीं एमसीएक्स पर नवंबर महीने के सौदा भाव में 3190 और दिसंबर माह के सौदा भाव में 3320 रूपए की बढ़ोतरी दर्ज हुई है।

एनसीडीएक्स पर कपास के भाव पिछले सप्ताह जहां 1551 थे वहीं इस सप्ताहअंत में 102 रूपए बढ़कर 1653 हो गए है। खल के सौदा भाव में भी इस सप्ताह बढ़ोतरी हुई है। एनसीडीएक्स पर दिसंबर माह के खल भाव में 157 और जनवरी माह के लिए 132 रूपए की बढ़ोतरी देखी गई है।

इंटरनेशनल कॉटन एक्सचेंज मार्केट में एमसीएक्स स्पॉट रेट और केसीए स्पॉट रेट को छोड़ अन्य सभी मार्केट पर कॉटन भाव इस सप्ताह बढ़े है। कॉटलुक ए इंडेक्स पर 7.6, ब्राजील कॉटलुक इंडेक्स पर 7.87 और यूएसडीए स्पॉट रेट पर 13.99 की बढ़ोतरी देखी गई है।